**HINDUSTAN PAGE 4**

## यूजीसी नेट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के चलते लिया गया निर्णय

# लविवि की 16 विषयों की परीक्षाएं स्थगित

**फैसला**

लखनऊ | **प्रमुख संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक सहित अंतिम सेमेस्टर की 28 सितंबर को होने वाली कई विषयों की परीक्षाएं स्थगित कर दी है। अब यह परीक्षाएं तीन अक्टूबर 2020 को अपने पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर ही होंगी। यूजीसी नेट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की वजह से लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं स्थगित की हैं।



लखनऊ विश्वविद्यालय

### ऐन मौके पर तिथि बदलने से चिंता

- 28 सितंबर को थी परीक्षाएं, अब तीन अक्टूबर को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर होंगी
- परीक्षा की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं छात्र

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परास्नातक व कुछ अन्य विषयों की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 सितंबर को होनी थीं। इसी दिन यूजीसी नेट तथा कई अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं भी होनी हैं। इसके चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने 16 विषयों की परीक्षाएं स्थगित की हैं। उन्होंने बताया कि एमए आचार्य, समाज कार्य विभाग के समस्त पाठ्यक्रम, बीए ऑनर्स समाज कार्य, एमए डिफेंस स्टडीज, एमए अरेबिक, मॉडर्न अरेबिक, अरब कल्चर, एमए संस्कृत, शिक्षा शास्त्र, ज्योग्राफी, होम साइंस, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक, परसियन, उर्दू, पीजी डिप्लोमा इन वाइल्ड लाइफ, वूमेन स्टडीज तथा एमए एचसी एंड वाईएस की 28 सितंबर को होने वाली परीक्षाएं स्थगित की गई हैं। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं परीक्षा की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। वहीं कई छात्रों ने कहा कि ऐन मौके पर तिथि बदलने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कुछ छात्रों का कहना था कि यदि तिथि बदलनी ही थी तो थोड़ा पहले बदल दी जाती। दो दिन पहले तिथि बदलने के फैसलेसे छात्र निराश हैं। वहीं कुछ छात्रों ने फैसले को ठीक बताया।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 3, 5 & 6**

## लविवि : 28 को होने वाली कई परीक्षाएं अब 3 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजीसी नेट के कारण 28 सितंबर को होने वाली पीजी अंतिम सेमेस्टर की कई परीक्षाओं की तिथि में बदलाव किया है। एमए आचार्य, समाजकार्य के सभी पाठ्यक्रम, बीए ऑनर्स, एमए डिफेंस स्टडीज, एमए अरेबिक, मॉडर्न अरेबिक, अरब कल्चर, एमए संस्कृत, एमए एजुकेशन, एमए जियोग्राफी, एमए होम साइंस, एमए ज्योतिर्विज्ञान, एमए लिंग्विस्टिक, एमए परसियन, एमए उर्दू, पीजी डिप्लोमा इन वाइल्ड लाइफ, एमए वीमेन स्टडीज, एमए एचसी एंड वाईएस की 28 सितंबर को होने वाली परीक्षा अब 3 अक्टूबर को आयोजित की जाएंगी।



पं. दीनदयाल की जयंती पर लविवि वीसी ने रोपे पौधे।

### शिक्षण संस्थानों में भी विभिन्न आयोजन

पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर लखनऊ विश्वविद्यालय एवं विकासार्थ विद्यार्थी की ओर से संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया जो गांधी जयंती 2 अक्तूबर तक चलेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने श्रमदान कर तथा हरसिंगार का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कारों में होनी चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी, एबीवीपी के घनश्याम शाही, कुलानुशासक प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री समेत छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

### जन्मदिन पर दान किया प्लाज्मा



लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने अपने जन्मदिन पर पीजीआई में प्लाज्मा डोनेशन किया। उन्होंने कहा कि प्लाज्मा डोनेशन के लिए हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए। कोरोना से बचने वाले दूसरे लोगों की जान बचाने के लिए आगे आएं।

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 3**

## बीएलएड की प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ। लविवि के मुख्य परिसर में 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे से बीएलएड में दाखिले के लिये प्रवेश-परीक्षा का आयोजन किया गया है। इसमें शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्राक्टर ने दिशा-निर्देश जारी किये है। निर्देश के अनुसार विवि परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र देखकर सुबह 10 बजे से द्वार संख्या एक, दो, चार और पांच से अंदर आने की व्यवस्था रहेगी। विवि परिसर में प्रवेश करते समय समस्त परीक्षार्थी कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए मास्क लगाकर आयेंगे और सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखेंगें। प्रवेश परीक्षा ड्यूटी के लिये आने वाले शिक्षक एवं कर्मचारी भी द्वार संख्या दो व चार पर अपने वाहन रखने के बाद परिसर में प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ प्रवेश-परीक्षा से सम्बन्धित कोई पाठ्य सामग्री मोबाइल फोन या बैग आदि नहीं लायेंगे। निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार के बाहर रखवा दिया जायेगा, जिसकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विवि प्रशासन की नहीं होगी।

## 16 विषयों की परीक्षा अब 28 के बजाय तीन को

लखनऊ। लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में 28 सितम्बर को परास्नातक अंतिम सेमेस्टर की आयोजित होने वाली 16 विषयों की परीक्षाओं में बदलाव किया गया है। इससे पूर्व बीते दिन चार विषयों की परीक्षा की तिथि बदली गयी थी। यह परीक्षायें नेट की परीक्षा के चलते बदलाव हुआ। हालांकि तिथि के अलावा निर्धारित स्थान व समय में पूर्ववत रहेगा। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है।

**इन विषयों की बदली तिथि :** एमए आचार्य, समाज कार्य विभाग के समस्त पाठ्यक्रम, बीए आनर्स समाजकार्य, एमए एंथ्रोपोलॉजी, एमए अरेबिक, मार्डन अरेबिक व अरब कल्चर, एमए संस्कृत, एमए शिक्षाशास्त्र, एमए वोमेन स्टडीज, एमए एचसी एंड वाईएस और पीजी डिप्लोमा इन वाइल्डलाइफ।

**i-NEXT PAGE 4**

## एलयू में दो एचओडी तैनात

लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को दो विभागों के एचओडी की नियुक्ति की है. भाषा विभाग के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी प्रो. कविता रस्तोगी और भूगर्भ विभाग के एचओडी की जिम्मेदारी प्रो. अजय मिश्रा को दी गई है.

**JAGRAN CITY PAGE III**

## लविवि : कुलपति ने किया श्रमदान, लगाए पौधे

लखनऊ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं विकासार्थ विद्यार्थी (एसएफडी) द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से महात्मा गांधी जयंती तक चलेगा। इस अवसर पर लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने श्रमदान किया। साथ ही हरसिंगार के पौधे लगाकर करते कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रोफेसर राय ने कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कारों में होनी चाहिए। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने के लिए युवाओं का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी तथा कार्यक्रम अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र-छात्राएं लखनऊ विश्वविद्यालय मुख्य परिसर स्थित अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय के सामने एकत्रित हुए। समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छ भारत, भारत सरकार एवं



राष्ट्रीय सेवा योजना के प्राथमिक लक्ष्यों में से एक है। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. दिनेश कुमार, सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओ. पी. शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. मीरा सिंह, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. विभावरी सिंह, डॉ राहुल पांडेय, डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ. सत्यकेतु, घनश्याम शाही आदि मौजूद रहे।

**TOI PAGE 3**

## 11 officials who survived corona donate plasma at PGI

TIMES NEWS NETWORK



LU registrar Vinod Kumar Singh donating plasma on Friday

**Lucknow:** As many as 11 senior administrative officials, who have recovered from Covid-19, donated blood plasma at Sanjay Gandhi Postgraduate Institute (SGPGI) on Friday and appealed to other Covid-19 survivors to do the same.

The plasma of these survivors is used for convalescent plasma therapy to treat critical Covid-19 patients.

The donor officers included ADM, trans Gomti, Vishwa Bhushan Mishra, ADM, administration, Amarpal Singh, Lucknow University registrar Vinod Kumar Singh, joint director, agriculture department, R K Singh, tehsildar Rakesh Pathak and PPO, agriculture department, Dhananjay Singh. The drive was coordinated by Dr Abhay Singh, consultant of Covid-19 campaign.

According to the district administration, a person who had been Covid-19 positive in the past three months can donate plasma at least 14 days after testing negative for the infection. The donation of plasma can be done at SGPGI and KGMU.

The donors were honoured both by the SGPGI and the district administration.

"The lives of three serious Covid-19 patients can be saved by plasma donated by one person who has recovered from the disease. The goal of this donation campaign is to inspire survivors to come forward for donation," said district magistrate Abhishek Prakash.